साइबर सिक्योरिटी पर जागरुकता हेतु सेवा भारती और क्विक हील द्वारा नुक्कड़ नाटक

भोपाल(काप्र)। ऑनलाइन ठगी और फ्रॉड से बचाव हेतु राजधानी में साइबर जागरूकता सप्ताह,क्विक हिल फाउंडेशन और सेवा भारती मध्य भारत द्वारा रामेंद्र सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, सुरेंद्र सिंह सोलंकी सेवा भारती, संगठन मंत्री, मध्यभारत प्रांत, विमल त्यागी, प्रांतीय सचिव, राज नारायण अग्निहोत्री, प्रांतीय कोषाध्यक्ष, गणेश सिंह प्रांतीय प्रबंधक के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटकों के जरिए आम नागरिको को स्कूल कॉलेज और चौराहे चौराहे पर जागरूक किया जा रहा है जिसमें नागरिकों को ओटीपी शेअर ना करना,सोशल मीडिया का निर्धारित समय में ही उपयोग,अपने फोटो ाष्ठ क्वालिटी में पोस्ट ना करने,फेक लिंक, फेक मेसेज, फेक कॉल ना उठाये. सेक्सटॉरशन, डिजीटल अरेस्ट से कैसे बचे आदि प्रमुख है सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया नुक्कड नाटक मे नाट्य कर्मी योगेश शेट्ये, संदिप शिंगदाणे, कृष्णा सकपाळ, कृष्णा नवले, निलेश माने और गौरव निमकर आदि कलाकारों द्वारा आसान भाषा में मनोरंजन के साथ जागरूक कर रहे है।